दिनांक–28.07.2027 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित।
- मुख्यमंत्री शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए सी एम डॉ. मोहन यादव।
- राष्ट्रपति ने कई राज्यो में नए राज्यपाल की नियुक्ति की।

और

- मौसम विभाग ने दी आज कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

## प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की 112वीं कडी है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कडी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कोंए ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चौनलए डी डी न्यूजए पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसकी सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

## सीएम शासी परिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की 9वीं बैठक में शामिल हुए। कल राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक की। इस बैठक में मध्य प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा सहित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपालए पदेन एवं आमंत्रित सदस्य केंद्रीय मंत्रीए नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे। शासी परिषद की इस वर्ष की बैठक की थीम ष्विकसित भारत/2047 थीए जिसमें वर्ष 2047 तक ष्विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका और योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। भारत को वर्ष 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच ष्टीम इंडिया के रूप में सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जाने की रूपरेखा तैयार करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

**रक्तदान प्रेरक पहल**

बालाघाट जिला अस्पताल में एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। सिविल सर्जन डॉ.निलय जैन ने बताया कि जिला अस्पताल में पहली बार ब्लड डोनेट करने के सम्बंध में आंतरिक स्टॉफ की एक समिति बनाई गई है। जो स्वयं जिला चिकित्सालय में आने वाले जरूरतमंद रोगी को अपनी ओर से सेवा देगी। डीएच बालाघाट के सभी 400 डॉक्टर एवं नर्सिंग ऑफिसर और कर्मचारियों की स्वेच्छिक ब्लड डोनेशन समिति बनाई गई है।

**राज्यपाल नियुक्ति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाउ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा के पूर्व उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना के राज्यपाल होंगे। राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम और पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया है। असम से पूर्व लोकसभा सांसद रामेन डेका को छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के पूर्व मंत्री सी.एच. विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल बनाया गया है। झारखंड के वर्तमान राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल होंगे। असम के वर्तमान राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है। वहींए सिक्किम के वर्तमान राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के. कैलाशनाथन को पुद्दुचेरी का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

**महाकाल की सवारी**

श्रावण मास के दूसरे सोमवार यानि कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी को पुलिस ब्रास बैंड भव्यता प्रदान करेंगे। पुलिस के 350 नव प्रशिक्षित जवान बैंड के द्वारा प्रस्तुत मधुर धुनों से सवारी में उत्साहए उमंग और आकर्षण कई गुना बढ़ जायेगा। मध्य प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में पुलिस के जवानों को 6 माह का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस बैंड द्वारा क्षिप्रा तट पर पूजन के समय दत्त अखाड़ा घाट पर भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस बैंड की महत्ता पर बल

देते हुए हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना और इसके लिए इच्छुक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंड में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर प्रदेश की पुलिस इकाइयों में पुलिस जवानों को बैंड वादन सहित वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास का एक महत्वपूर्ण पहलू मध्यप्रदेश पुलिस बैंड रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस बैंड की स्थापना वर्ष 1988 में 7वीं वाहिनीए विशेष सशस्त्र बलए भोपाल में की गई थी।

## डिफेंस विंग स्थापना

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मेपकास्ट ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी अनुसंधान की दिशा में कदम बढ़ाया है। यहां पर डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग बनाई जाएगी। नौसेना के रियर एडमिरल इकबाल सिंह ग्रेवाल एवं उनकी टीम ने मेपकास्ट आकर विंग की तैयारियों का जायजा लिया। महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी के अनुसार इस विंग से रक्षा नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और उद्योगों एवं सेना के बीच सामंजस्य बढ़ेगा।मेपकास्ट में डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना से स्वदेशी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व मेपकास्ट द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेना के साथ एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी खोला जा चुका है।

## मौसम

मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश जारी है। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश की छोटी नदियां उफान पर हैंए बड़ी नदियों और बांधों में लगातार पानी बढ़ रहा है। शनिवार को पन्नाए शाजापुरए विदिशाए रायसेनए सीहोरए देवासए पचमढ़ीए आगर-मालवा में बाढ़ जैसे हालत बने और कई रास्ते बंद हो गए। वहींए मौसम विभाग ने रविवार को इंदौरए जबलपुर समेत प्रदेश के 15 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। रायसेनए सागरए विदिशाए सिवनीए बालाघाट मुरैनाए बालाघाट सहित कई जिलों में आज भारी बारिश हो सकती है।

## ओलंपिक अपडेट

पेरिस ओलंपिक में भारत का बैडमिंटन अभियान कल अपने-अपने शुरुआती ग्रुप मैचों में चिराग शेट्टी-सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और लक्ष्य सेन की जीत के साथ शुरू हुआ। लक्ष्य सेन ने पांच बार के ओलंपियन ग्वाटेमाला के

केविन कॉर्डन को हराया। सेन कल अपने दूसरे मैच में दुनिया के 52वें नंबर के जूलियन कैरागी से भिड़ेंगे। पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकी रेड्डी ने ग्रुप सी में फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर को हराया। वहींए आज ओलंपिक के दूसरे दिन भारत की शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में स्वर्ण के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता में पीवी सिंधु महिला एकल ग्रुप एम में अपने अभियान की शुरुआत मालदीव की फातिमथ नब्बा अब्दुल रज्जाक के खिलाफ दोपहर 12रू50 बजे करेंगी। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत जर्मनी की मैक्सी कैरिना क्लोएट्जर के खिलाफ अपने पहले दौर से करेंगी। मुकाबला शाम 3रू50 बजे होगा। राइफल निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन और रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफाई चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगीए जबकि संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफाई चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- आयकर विभाग ने कहा है कि वर्तमान मूल्यांकन वर्ष के लिए 5 करोड से अधिक आयकर रिटर्न-आईटीआर भरे गए हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में आठ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। एक दिन में ही 28 लाख से अधिक आईटीआर भरे गए हैं।
- राज्य कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विभागों और प्रकोष्ठों की बैठकें ली। श्री पटवारी ने कहा कि प्रकोष्ठ के दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुये सक्रियता से कार्य करें और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएं।
- मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड तथा धार प्रशासन द्वारा कल पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले भर से 186 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता प्रथम टीम हिंडोला महल को भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धार जिले को प्रतिनिधित्व करने को मौका मिलेगा।
- झाबुआ जिला प्रशासन ने किसानों को सलाह दी है कि किसानों अपनी भूमि का समग्र ओर खसरा आधारित ई-केवायसी जरूर करवाना चाहिए। किसान ऋण पुस्तिकाए आधार कार्डए समग्र आईडी के दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी एमपी ऑनलाईन या कियोस्क सेन्टर पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

- कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गेहलोत आज आगरमालवा जिले के दौरे पर आयेगें। अपने प्रवास के दौरान श्री गेहलोत पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय के भतीजे को श्रृद्धांजली अर्पित करेगें।
- खंडवा जिले की नगर परिषद ओंकारेश्वर में प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत शिविर प्रारंभ हो गया है। 30 जुलाई तक चलने वाले शिविर में पात्र हितग्राहियों को सरकार की आठ जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु फॉर्म भरे जा रहे हैं।
- डिंडौरी में एस डी एम राम बाबू देवांगन ने देवरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के 10 अवैध कालोनाइजर पर कार्यवाही करते हुए हुए 50कृ50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और ग्राम पंचायत सचिव को 07 दिन के अंदर एफ आई आर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।
- गुना कलेक्टर ने ग्राम पंचायत विनायकखेड़ी में पहुंचकर राजस्व महाअभियान एवं पीएम जनमन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्यो के त्वरित निराकरण किया जाएगा।

**और**

- खरगोन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय "करियर अवसर मेले" का आयोजन कल किया गया। इसमें कंपनियों से परिचय प्राप्त कर विद्यार्थियों की न्यूनतम योग्यताए कंपनी की कार्यप्रणालीए वेतन आदि के बारे में बातचीत की।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित।
- मुख्यमंत्री शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए सी एम डॉ. मोहन यादव।
- राष्ट्रपति ने कई राज्यो में नए राज्यपाल की नियुक्ति की।
- मौसम विभाग ने दी आज कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

...................................